E-mail : eejalgraminbanda@gmail.co
Mob. : +91 9473941981

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

गेट न0–2, जल शोधन संयन्त्र परिसर, भूरागढ़, बाँदा, पिनकोड–210001

पत्रांक :– 447 / W-08 / 20 दिनाँक :– 25 / 05 / 2026

सेवा में,
जिला सूचना अअिधकारी,
बॉदा।

विषय :– **दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला दिनांक 23.05.2026 में प्रकाशित समाचार के सम्बन्ध में।**
महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला दिनांक 23.05.2026 में प्रकाशित समाचार शीर्षक बांदा में नही मिल रहा जल जीवन मिशन का लाभ, बड़ोखर विकासखण्ड के गुलाब नगर में भीषण गर्मी में भी पानी की किल्लत से सम्बन्धित है के सम्बन्ध में आख्या प्रेषित है।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नक :– फोटोग्राफ।

भवदीय
Digitally signed by
VIMAL KUMAR VERMA
Date: 25-05-2026
12:32:08
(विमल कुमार वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनाँक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता, (बुन्देलखण्ड क्षेत्र) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी।
5. जिलाधिकारी महोदय, बॉदा।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बांदा।
7. अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), बॉदा।
8. जिला सूचना अधिकारी, बॉदा।

अधिशासी अभियन्ता

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बाँदा

## दैनिक समाचार अमर उजाला में प्रकाशित खबरों का विवरण एवं अद्यतन आख्या


| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | न्यूज चैनल/समाचार पत्र एवं दिनाँक | प्रकाशित शीर्षक | आख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | & |
| 1 | | | अपना जिला देशभर में तापमान और गर्मी के टॉप पर है। लेकिन शहर में पानी की सप्लाई देने के मामले में फिसड्डी। केंद्र और प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी नमामि गंगे योजना और जल जीवन मिशन के तहत चलाए जा रहे हर घर नल, हर घर जल अभियान की जमीनी हकीकत से पूरी योजना सवालों के घेरे में है। करोड़ों रुपये खर्च कर घरों तक पाइप लाइन और कनेक्शन पहुंचा दिए गए। लेकिन नियमित जलापूर्ति अब भी एक सपना बनी हुई है। शहर के कई मोहल्लों में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं, जबकि सरकारी नल महीने में केवल तीन से चार दिन ही पानी दे रहे हैं, बाकी दिनों में उनसे सिर्फ हवा निकल रही है। | जनपद बाँदा में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत अमलीकौर/खटान ग्राम समूह पेयजल योजना व जल निगम (ग्रामीण) द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के 649 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 629 राजस्व ग्रामों में उपलब्ध विद्युत आपूर्ति के आधार पर नियमित पेयजलापूर्ति संचालित की जा रही है। | — |
| 2 | | | जिले में नमामि गंगे और जल जीवन मिशन के तहत पेयजल योजनाओं पर अरबों रुपये खर्च किए गए हैं। विभागीय आंकड़ों के अनुसार जिले के हजारों घरों तक नल कनेक्शन पहुंचाने का दावा किया गया है। इसके तहत 647 गाँवों में से 525 से अधिक गाँवों को हर घर जल का प्रमाण पत्र भी दे दिया गया। मुख्यमंत्री ने स्वयं विंध्य-बुन्देलखण्ड क्षेत्र में अगस्त 2023 तक हर घर नल से जल पहुँचाने के लक्ष्य की समीक्षा की थी और बाँदा सहित कई जिलों को प्राथमिकता दी थी। इन योजनाओं के तहत अमलीकौर और खटान परियोजनाओं पर भी काम चल रहा है, जिससे लाखों घरों को लाभ मिलने की उम्मीद है। | जनपद बाँदा में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत अमलीकौर/खटान ग्राम समूह पेयजल योजना व जल निगम (ग्रामीण) द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के 649 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 629 राजस्व ग्रामों में उपलब्ध विद्युत आपूर्ति के आधार पर नियमित पेयजलापूर्ति संचालित की जा रही है। वर्तमान में कतिपय ग्रामों को छोड़कर अन्य सभी ग्रामों में पेयजलापूर्ति पर्याप्त मात्रा में नियमित रूप से उपलब्ध करायी जा रही है, जिसको जल जीवन मिशन के पोर्टल पर दैनिक रूप से स्काडा के माध्यम से आम-जनमानस द्वारा भी देखा जा सकता है। | — |
| 3 | बाँदा | अमर उजाला दिनाँक 23.05.2026 | प्रेशर कम और अनियमित मोटर संचालन बना कारण :- स्थानीय लोगों का आरोप है कि पानी पर्याप्त प्रेशर से नहीं आता और मोटर भी समय से नहीं चलाई जाती। जिससे जलापूर्ति बाधित रहती है। कई बार शिकायतें करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। जल जीवन मिशन के तहत खटान और अमलीकौर परियोजनाओं का 80 प्रतिशत काम पूरा होने के बावजूद पानी का प्रेशर कम होने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। | जनपद बाँदा में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत अमलीकौर/खटान ग्राम समूह पेयजल योजना का लगभग समस्त कार्य पूर्ण है एवं अमलीकौर ग्राम समूह पेयजल योजना का एक वर्ष पूर्व से संचालन एवं अनुरक्षण की कार्यवाही संचालित है तथा खटान ग्राम समूह पेयजल योजना का माह मार्च, 2026 से संचालन एवं अनुरक्षण प्रारम्भ हो चुका है। वर्तमान में सभी सी0डब्ल्यू0आर0 पम्पिंग स्टेशनों से उपलब्ध विद्युत आपूर्ति के सापेक्ष निरन्तर पम्पिंग की कार्यवाही संचालित है, जिसको स्काडा पर नियमित पोर्टल के माध्यम से आम-जनमानस द्वारा भी अवलोकित किया जा सकता है। साथ ही अवगत कराना है कि सभी ग्रामों में शिरोपरि जलाशय के माध्यम से पर्याप्त दबाव के साथ पेयजलापूर्ति संचालित की जा रही है, जिन गलियों में कतिपय ग्रामवासियों द्वारा पेयजल का बगैर टोटी के पेयजल का उपयोग किया जाता है, उक्त गली में ही प्रेशर की समस्या उत्पन्न हो रही है, जिसके लिये जिला प्रशासन का सहयोग लेकर जन-जागरूकता के माध्यम से उपरोक्त समस्या का समाधान किया जा रहा है। | — |
| 4 | | | जमीनी हकीकत इन दावों से बिल्कुल अलग है। शहर के गुलाब नगर मोहल्ले के निवासी भीषण गर्मी में पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है, वैसे-वैसे निजी बोरिंग और हैण्डपम्प भी जवाब दे रहे हैं। ऐसे में सरकारी योजना से राहत की उम्मीद थी, लेकिन यह योजना भी कागजों तक सीमि नजर हा रही है।<br>गुलाब नगर निवासी दीपू साहू ने बताया कि सरकार ने घर नल तो लगवा दिया है, लेकिन पानी महीने में सिर्फ तीन-चार बार ही आता है। बाकी दिनों में पानी के लिए उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ता है। उन्होंने कहा की गर्मी में बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है।<br>स्थानीय निवासी अंकित ने बताया कि योजना शुरू होने पर लोगों को उम्मीद थी कि पानी की समस्या खत्म हो जाएगी, लेकिन हालात पहले से भी बदतर हो गए हैं। कई बार सप्लाई आती भी है तो केवल 15 से 20 मिनट बाद बंद हो जाती है। इसी मोहल्ले के इंद्रजीत ने कहा कि लोगों ने अपने खर्चे पर मोटर और पाइप लाइन कनेक्शन कराए हैं, लेकिन उसके बावजूद पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। कई परिवारों को मजबूरी में टैंकर से पानी खरीदना पड़ रहा है। | जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति संचालित की जा रही है। भीषण गर्मी को देखते हुए कार्यदायी संस्था मैसर्स एन0सी0सी0 लि0, बाँदा द्वारा लक्ष्य 27 एम0एल0डी0 के सापेक्ष वर्तमान में औसतन 45 एम0एल0डी0 शुद्ध पेयजल की आपूर्ति संचालित की जा रही है। समाचार पत्र में प्रसारित मोहल्ला गुलाब नगर में पेयजलापूर्ति संचालित है (जी0पी0एस0 फोटोग्राफ संलग्न)। विद्युत समस्या होने पर ही मोहल्ले में पेयलापूर्ति में समस्या होती है, जिसके समाधान हेतु मुख्य अभियन्ता महोदय एवं अधीक्षण अभियन्ता महोदय, विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित किये जाने हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है। | — |

अधिशासी अभियन्ता


GPS Map Camera
Banda, Uttar Pradesh, India
G83x+4pv, Banda, Uttar Pradesh 210001, India
Lat 25.503927° Long 80.349497°
Sunday, 24/05/2026 06:07 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Mawai Buzurg, Uttar Pradesh, India
G83w+7j, Sarvodaya Nagar, Mawai Buzurg, Uttar Pradesh 210001, India
Lat 25.50434° Long 80.34628°
Sunday, 24/05/2026 06:15 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Mawai Buzurg, Uttar Pradesh, India
G83w+7j, Sarvodaya Nagar, Mawai Buzurg, Uttar Pradesh 210001, India
Lat 25.505168° Long 80.346433°
Sunday, 24/05/2026 06:11 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Mawai Buzurg, Uttar Pradesh, India
G83w+7j7, Sarvodaya Nagar, Mawai Buzurg, Uttar Pradesh 210001, India
Lat 25.504228° Long 80.346197°
Sunday, 24/05/2026 06:17 PM GMT +05:30
Google